राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर (राज.) ☎ 0141–2722520

क्रमांकःप.14(44)RSMSSB/अर्थना/लिपिक ग्रेड–।।/2018/1644 दिनांक : 23/1/2020

–:: कार्यालय आदेश ::–

लिपिक ग्रेड–।।/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु अंतिम अवसर बाबत

बोर्ड द्वारा लिपिक ग्रेड–।।/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 का दिनांक 25.10.2019 को परीक्षा परिणाम जारी कर गैर अनुसूचित क्षेत्र के 17451 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 977 अभ्यर्थियों को वरीयता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों के 1.5 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचीबद्ध किया गया था । इन सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन का कार्य दिनांक 23.12.2019 से **Center-1 गुरू नानक संस्थान, आदर्श नगर, जयपुर एवं Center-2 राजकीय बालिका सीनियर सैकण्डरी स्कूल, आदर्श नगर, जयपुर** पर करवाया जा रहा है।

लिपिक ग्रेड–।।/कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती–2018 में **दिनांक 23.12.2019 से दिनांक 23.01.2020 तक पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन में अनुपस्थित रहे सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को अंतिम रूप से सूचित किया जाता है** कि वे निम्नानुसार पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंवें :–

क.सं.	पात्रता की जांच हेतु आयोजित निम्नलिखित दिनांक में अनुपस्थित अभ्यर्थी	अनुपस्थित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच हेतु आगामी दिनांक	पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होने का स्थान
1.	दिनांक 23.12.2019 से 31.12.2019 तक	30.01.2020	**गुरू नानक संस्थान, आदर्श नगर, जयपुर**
2.	दिनांक 01.01.2020 से 11.01.2020 तक	31.01.2020	
3.	दिनांक 13.01.2020 से 23.01.2020 तक	01.02.2020	

उक्त दिनांक को निर्धारित स्थान पर उपस्थित नहीं होने पर इन अभ्यर्थियों का कनिष्ठ सहायक/लिपिक ग्रेड–।। के पद पर चयन के लिये विचार नहीं किया जायेगा। इसके बाद इन्हें कोई अंतिम अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा।

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–

01. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं लिपिक ग्रेड–।।/कनिष्ठ सहायक सीधी भर्ती परीक्षा– 2018 के लिये जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर **Candidate Corner** में उपलब्ध है।
02. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग भरना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी। विस्तृत आवेदन की केवल एक प्रति के साथ 100/रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।
03. शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी(अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग), विशेष श्रेणी(भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति(विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
04. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

(डॉ. मुकुट बी. जांगिड़)
सचिव